कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002

Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,

Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

क्रमांक / व्यापम / 2022 / 5180 रायपुर, दिनांक 06/10/2022

प्रेस विज्ञप्ति

छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET22) के मॉडल उत्तर जारी करने के सम्बंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा संचालक, राज्य शैक्षिक, अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छत्तीसगढ़ के प्रस्ताव पर छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET22) का आयोजन दिनांक 18 सितंबर 2022 को दो पालियों में किया गया । प्रथम पाली में कक्षा एक से पॉच तक अध्यापन पात्रता हेतु परीक्षा पूर्वान्ह 9:30 से 12:15 बजे तक एवं द्वितीय पाली में कक्षा छः से आठ तक अध्यापन पात्रता हेतु परीक्षा अपरान्ह 2:00 से 4:45 बजे तक आयोजित की गई ।

उक्त पात्रता परीक्षा के मॉडल उत्तर व्यापम के वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in पर दिनांक 06/10/2022 को प्रदर्शित कर दिया गया है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर मॉडल उत्तर देख सकते हैं । अभ्यर्थी वेबसाइट में प्रदर्शित उत्तरों पर सप्रमाण दावा/आपत्ति 12/10/2022 को संध्या 5.00 बजे तक दिये गये प्रारूप में व्यापम में स्वयं उपस्थित होकर या डाक द्वारा या व्यापम द्वारा निर्मित व्यापम की वेबसाइट पर दावा आपत्ति सेक्शन में जाकर दावा आपत्ति पोर्टल पर दर्ज करा सकते हैं।

पोर्टल पर दावा आपत्ति हेतु अभ्यर्थी को अपना पंजीयन क्रमांक एवं जन्म तिथि डालकर लॉगिन करना होगा और निर्देशानुसार दावा आपत्ति दर्ज करानी होगी । दावा आपत्ति दर्ज कराने की विस्तृत प्रक्रिया का मेनुअल URL के मुख्य पृष्ठ पर दिया गया है । कृपया इसका भलीभॉति अध्ययन कर लें । दावा आपत्ति को पोर्टल पर पंजीकृत कराने से पूर्व आपत्ति के पक्ष में दिये जाने वाले दस्तावेजों की सॉफ्ट कॉपी अपलोडिंग हेतु तैयार रखें एवं आपत्ति दर्ज करने की प्रक्रिया पूर्ण होने पर इसकी पावती भी डाउनलोड कर लेवें ।

नियत दिनांक एवं समय के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा। बिना प्रमाण का दावा/आपत्ति को पूर्णतः अमान्य किया जावेगा। दिए गए प्रपत्र में, प्रत्येक प्रश्न के लिए अलग पृष्ठ का प्रयोग करते हुए दावा/आपत्ति प्रस्तुत न होने पर भी उसे पूर्णतः अमान्य किया जावेगा। एक पृष्ठ में एक से अधिक प्रश्नों पर दावा/आपत्ति प्रस्तुत करने पर उन पर विचार नहीं किया जावेगा। प्राप्त दावा/आपत्ति के परीक्षण पश्चात् विषय विशेषज्ञों द्वारा अंतिम निर्णय लिया जावेगा। दावा/आपत्ति के सम्बन्ध में विषय विशेषज्ञों का निर्णय ही मान्य किया जावेगा।

कृपया उक्त विज्ञप्ति अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर